पंजीयन कमांक – 612

## शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान

**SHANTI MAITRI GRAMIN VIKAS SANTHAN**

( छ.ग.राज्य शासन से मान्यता प्राप्त )

Email ID – shanti.maitri.gvs@gmail.com
Web. – www.shantimaitri.in

कार्या.– द्वारा मनोज कुमार साहू ग्राम दरबा
वि.ख.– कुरूद, जिला– धमतरी (छ.ग.)
OFF.– C/O MANOJ KUMAR SAHU
VILLAGE POST DARBA, BLOCK. –
KURUD DISTT. – DHAMTARI (C.G.)
Mob. 09009203565,08120401689

# वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन सत्र 2019–20

➢ सियान सदन बहु सेवा केन्द्र कुरूद का संचालन **वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ बहु सेवा केन्द्र की गतिविधियॉं**– वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ जिला धमतरी के विकासखण्ड कुरूद मुख्यालय में नगर पंचायत कुरूद के सहयोग से एवं समाज कल्याण विभाग राज्यशासन से अनुदान प्राप्त कर संस्था द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य देखभाल हेतु बहु सेवा केन्द्र की स्थापना किया गया जिसमें 25 वरिष्ठ नागरिकों को सेवा प्रदाय किया जा रहा है।













SHANTI MAITRI GRAMIN VIKAS SANSTHAN REG. NO. 612




Secretary
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

President
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

## ➢ राष्ट्रीय न्यास विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना

राष्ट्रीय न्यास विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के दिग्दर्शिका के अनुरूप मानसिक विमंदता, आर्टिज्म व सेरेब्रल पाल्सी और एकाधिक बहुविकलांगता से ग्रस्त जीवन व्यतीत कर रहे दिव्यांग बच्चों के लिए निम्नानुसार योजना संचालित किया जा रहा है। जिसमें –




1. दिशा योजना – 19 बच्चें को लाभांवित
2. विकास योजना – 10 बच्चों को लाभांवित
3. समर्थ योजना – 30 बच्चों को लाभांवित
4. घरौंदा योजना – 20 वयस्कों को लाभांवित







Secretary
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

President
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)









संस्थान द्वारा राष्ट्रीय न्यास के अन्तर्गत समर्थ सह घरौंदा योजना का संचालन किया जा रहा है। दिव्यांग विकास केन्द्र सिर्री पुराना आई0टी0आई0 भवन सिर्री में दर्ज मानसिक विमंदता, सेलेबल पेल्सी, आर्टिज्म एवं बहु विकलागंता से ग्रसित व्यक्तियों के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्हें निःशुल्क शिक्षा देकर, समाज के मुख्यधारा से जोडनें का प्रयास के साथ निःशुल्क शैक्षिणिक सामाग्री, स्कुल ड्रेस व निःशुल्क आवासीय सुविधा संस्थान द्वारा किया गया।

शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चों के शिक्षण व प्रशिक्षण के साथ साथ इनके प्रतिभा को निखारने के लिए जिला व राज्यस्तरीय दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। संस्थान में अध्ययनरत बालक बालिकाओं ने जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय खेलकुद व सांस्कृतिक आयोजन प्रतियोगिता में भाग लिये।

SHANTI MAITRI GRAMIN VIKAS SANSTHAN REG. NO. 612

Secretary
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

President
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

धमतरी, रविवार 08 दिसबर 2019

प्रखर समाचार

www.prakharsamachar.com

# दिव्यांग विद्यालय सिर्री में विकलांगता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम




कुरुद (प्रखर)। अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत मनोज कुमार साहू अध्यक्ष शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान कुरूद, सावित्री साहू अधीक्षक दिव्यांग आवासीय विद्यालय एवं डोमेश्वरी सिन्हा प्रभारी दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर की गई।

सर्व प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर विकलांगता पर व्याख्यान माला से कार्यक्रम को गति देते हुए कु. लक्ष्मी विश्वकर्मा ने विकलांगों के दैनिक दिनचर्या की गतिविधियों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। कु. कमलेश्वरी दीवान ने विकलांगता के प्रकार पर चर्चा की तो कु. नीरा दीवान द्वारा अक्षमता कारण एवं निदान विषय पर प्रकाश डाला गया। मनुष्य के जन्म के समय, जन्म के बाद होने वाले विकलांगता पर कु. मोनिका गायकवाड़ ने बताया कि अनेक प्रकार की लापरवाही हमें विकलांग बना सकती है। इस हेतु हमें हमारे जीवन में सावधानी बरतनी चाहिए। कु. अमृता ध्रुव ने मानसिक मंदता के लक्षण पर प्रकाश डालते हुए मानसिक मंदता, प्रमस्तिष्क पक्षाघात, आर्टिज्म, मानसिक बीमारी के बारे में विस्तार से लक्षणों को बताया गया। कु. डोमेश्वरी सिन्हा प्रभारी दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री ने लुईब्रेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए दृष्टिहीन व्यक्तियों के अध्ययन अध्यापन के लिए ब्रेललिपि की जानकारी दी। समाज की मुख्य धारा से विकलांगता से ग्रस्त व्यक्ति को कैसे जोड़ा जाये इस पर प्रकाश डालते हुए सावित्री साहू अधीक्षक दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री ने बताया कि अच्छी तरह से देखभाल एवं उनके जीवनचर्या में निरन्तर अभ्यास एवं प्रयास से अक्षम व्यक्ति को सक्षम बना समाज के मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। मनोज कुमार साहू अध्यक्ष शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान कुरूद ने अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस निःशक्त व्यक्ति समान अवसर, संरक्षण अधिकार एवं संपूर्ण भागीदारी अधिनियम पीडब्लयूडी एक्ट 2016 के बारे में विस्तार से बता समाज में 21 प्रकार के विकलांगता से जनजन को जानकारी दी। जिन्हें शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सुविधाओं की जानकारी नहीं है। जिसके लिए अधिक से अधिक जागरूकता की आवश्यकता है ताकि विकलांगता में कमी लाया जा सके। विकलांगजन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं है जरूरत है तो उनके प्रतिभा को निखारने की। इस अवसर पर दृष्टिहीन छात्र विक्रेन्द्र कुमार ग्राम कोकड़ी एवं टीकमदास मानिकपुरी ग्राम खपरी धमतरी ने गीत गायन किया। श्रवण बाधित छात्र यशवंत कुमार ध्रुव एवं अर्जुन ध्रुव ग्राम सिर्री ने मिमिक्री नृत्य कर लोगों का मन मोहा। मानसिक मंदता के छात्र अग्नीशा साहू ग्राम गुजरा धमतरी एवं खेमराज साहू ग्राम मंदरौद रायपुर ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुति से सबका दिल जीता। कार्यक्रम का संचालन कु. लक्ष्मी पटेल, विशेष शिक्षिका दिव्यांग आवासीय केन्द्र सिर्री एवं आभार डोमेश्वरी सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डोमेश्वरी सिन्हा, नीरा दीवान, अमृता ध्रुव, लक्ष्मी पटेल, कमलेश्वरी दीवान, लक्ष्मी विश्वकर्मा, मोनिका गायकवाड़, कल्याणी का योगदान सराहनीय रहा





SHANTI MAITRI GRAMIN VIKAS SANSTHAN REG. NO. 612

Secretary
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

President
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

# सीरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर (दरबा) का संचालन

ग्राम बिरेझर में संस्था द्वारा सीरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल का संचालक का कार्य सत्र 2013–14 से करते आ रही है। नर्सरी एवं प्राथमिक स्तर की कक्षा के.जी. 1 से कक्षा 5वीं तक अंग्रेजी माध्यम से छ.ग. पाठ्य शैली के आधार पर संचालित है। इसमें नवाचारी प्रयोग किया जाकर ग्रामीण अंचल के बच्चों को इंग्लिस भाषा के प्रति सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सिरीन फेलोशिप पब्लिक स्कूल में कक्षा के.जी. 1 में 25 प्रतिशत बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया। कक्षा के.जी. 1 से कक्षा 5वीं तक कुल 96 छात्र–छात्राएँ अध्ययनरत रहे। स्कूल में प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से शिक्षा प्रदाय किया जा रहा है।





## वार्षिकोत्सव से निखरती है बच्चों की प्रतिभा




सिरीन फेलोशिप पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव

## जल, मृदा और पशुधन संरक्षण पर बच्चों ने बनाया मॉडल











Secretary
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

President
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

## ➢ कृषकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरित क्रांति कृषि विस्तार योजना के अन्तर्गत जिला उत्तर बस्तर कांकेर के विकासखण्ड कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर,दुर्गकोंदल, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा में 54 प्रशिक्षण केन्द्रों में सेक्टर अनुसार किसानों को चार चरणों पर में किसानों को खाद निर्माण, बीजोपचार, कीटनाशक, फफूंद नाशक, जैविकी के निर्माण के विधि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत जिला उत्तर बस्तर कांकेर के विकासखण्ड कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर,दुर्गकोंदल, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा में 32 प्रशिक्षण केन्द्रों में सेक्टर अनुसार किसानों को चार चरणों में खेती के सस्य प्रबंधन आवश्यक है। अलग–अलग फसलों के लिये तथा अलग–अलग क्षेत्रों के लिये बोने के सही समय की सिफारिश की गई है, जिससे कीट–व्याधि के प्रकोप से बचा जा सकता है।

किसानों को फसल एवं क्षेत्र के अनुसार समय पर बुवाई करना चाहिए। खरपतवार नियंत्रण हेतु ग्रीष्मकालीन जुताई तथा नींदा के अंकुरण के बाद पुनः जुताई कर बोवाई करना








चाहिए, इससे खेत में नींदा का प्रकोप कम होता है। यदि क्षेत्र विशेष में किसी कीट–व्याधि प्रकोप ज्यादा होता हैं तो प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें। जैविक खादों के उपयोग से कृषि उत्पादन में स्थिरता आती है एवं वह निरन्तरता बढ़ता होता है।



Secretary
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)


President
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

हरित क्रांति कृषि विस्तार योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का प्रशिक्षण




## दलहन तिलहन योजना का प्रशिक्षण कार्यक्रम

किसानों को जिला कांकेर में TRFA दलहन के अन्तर्गत 52 प्रशिक्षण, TRFA तिलहन के अन्तर्गत 09 प्रशिक्षण, रामतिल योजना के अन्तर्गत 12 प्रशिक्षण नूप योजना के अन्तर्गत 04 , केन्द्रीय बीज विकास योजना के अन्तर्गत 20 एवं जैविक खेती योजना के अन्तर्गत 05 प्रशिक्षण का आयोजन संस्था द्वारा किया गया। जिसमें प्रशिक्षण के अनुसार कृषकों उपस्थिति रहा।




SHANTI MAITRI GRAMIN SAMITI GRAMIN VIKAS SANSTHAN REG. NO. 612

Secretary
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

President
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

**सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन** – सड़क सुरक्षा जागरूकता पर प्रचार– प्रसार के लिए निबंध लेखन, नारालेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, वादविवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पाम्पलेट वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्कशाप, सेमीनार इत्यादि के माध्यम से ग्राम दरबा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में श्रीमति सीमा बघेल सरपंच ग्राम पंचायत दरबा, मनोज कुमार साहू अध्यक्ष शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान कुरूद, उदय गंगोई, कु. मेनका यादव प्राचार्य सिरीन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर, कु. नेहादुर्गा साहू उपप्राचार्य सिरीन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर, की उपस्थिति रहे। प्रतिभागियों द्वारा निबंध लेखन, नारालेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, वादविवाद प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया। प्रतिभावान प्रतिभागियों के द्वारा सड़क सुरक्षा यातायात संबंधी जानकारी को केनवास में उकेरा गया जो काफी आर्कषक व मनोरम था। इस कार्यक्रम में 250 बच्चों ने भाग लिया।



कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए नाट्य मण्डली के कलाकारों के द्वारा नुकड्ड नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा यातायात संबंधी नियमों को पालन करने, दोपहिया वाहन चालक एवं सहयात्री को हेलमेट पहनने, कार चलाते समय सीट बेल्ट बाधकर गाड़ी संतुलित गति से चलाने, यातायात नियमों का पालन करने, यातायात संकेतो का पालन करने एवं सिगन्ल नियमों का पालन करने संबंधी नुकड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया।



कार्यक्रम में प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए प्रमाण प्रत्र प्रदाय किया गया जिसमें प्रथम कु. श्रृति साहू चटौद, द्वितीय स्थान राहूल साहू कोण्डापार, तृतीय स्थान आदित्य साहू, चतुर्थ स्थान सुजीतकुमार नेताम एवं पंचम स्थान कु. किरण साहू को प्राप्त हुआ। सभी प्रतिभागीयों को प्रमाण पत्र एवं सांत्वना पुरूस्कार प्रदाय किया गया।

उपस्थित जनसमुदाय द्वारा संस्था के सड़क सुरक्षा एवं यातायात के सम्बंध में दी जा रही जानकारी को सराहा एवं संस्था के प्रयासों की तारीफ किया गया।

Secretary
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

President
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

## संस्थान द्वारा आयोजित अन्य महत्वपुर्ण कार्यकम

**पर्यावरण जागरूगता शिविर का आयोजन** — जिला धमतरी के ग्राम सिर्री के दिव्यांग विकास केन्द्र के बच्चों द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया गया साथ ही जिला धमतरी के चारों जनपदों में ग्राम पंचायत के सहयोग से पर्यावरण जारूगता शिविर का आयोजन संस्था द्वारा किया गया। जिसमें नर्सरी तैयार कर पौधरोपण कार्य गांवों में किया गया। जिसमें ग्राम पंचायतो का योगदान सराहनीय रहा।

**विश्व एड्स दिवस पर कार्यकम** — स्वास्थ्य जागरूकता कार्यकम के तहत वि व एड्स दिवस पर जनपद पंचायत कुरूद के सभागार में विचार गोश्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एचआईवी एड्स संबंधी धारणाओं एवं भ्रांतियॉ पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपना विचार प्रकट किये गये।

**दृष्टिहीनता निवारण कार्यकम** — जीवन के दो नैन है मोती। ऑख बिना ही जीवन रोती। इस पर समिति द्वारा जिला धमतरी के सभी विकासखण्डों में दृष्टिहीनता निवारण कार्यकम के तहत जागरूकता कार्यकम किया गया। जिसमें अध्ययनरत बच्चों का ज्ञानवृद्धि हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**हस्त शिल्प योजना के लिए जागरूकता कार्यकम** — जिला गरियाबंद में बाबा साहब अबेडकर हस्त शिल्प विकास योजना के अन्तर्गत बम्बू कॉप्ट से जुड़े 500 से अधिक बांसकारों का सर्वे का कार्य किया गया तद्उपरान्त 30 बॉस के शिल्पीयों को आजीविका संवंधन के तहत बांस डिजाईन एवं टेक्नॉलाजी प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

**लुई ब्रेल दिवस पर कार्यकम** — ही लुई ब्रेल के जन्म दिवस पर सभी विकासखण्डों में दृष्टिहीन बच्चों के बीच ब्रेल पद्धति से लिखने एवं पढ़ने का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा इस पद्धिति से बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।







Secretary
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

President
Shanti Maitri Gramin Vikas Sansthan
Darba, Via. Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)